## कैरियर काउंसलिंग

कैरियर काउंसलिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जो छात्रों को कैरियर विकल्पों की पहचान और अन्वेषण करने में मदद करती है, जिससे वे भविष्य के बारे में उचित निर्णय ले सकें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। यह 10वीं कक्षा पूरी करने के बाद युवाओं के लिए फायदेमंद है, जब उन्हें विभिन्न पाठ्यक्रमों के बीच चयन करना होता है। यह छात्रों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और कमजोरियों की पहचान करने में मदद करती है और यह जानने में सहायता करती है कि कौन सा कैरियर उनके लिए उपयुक्त होगा।

शिक्षा ज्ञान, कौशल, मूल्य और चरित्र गुणों का हस्तांतरण विभिन्न रूपों में होता है। औपचारिक शिक्षा स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालय में होती है। यह आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देती है। शिक्षा प्रत्येक मानव की क्षमता को पूरी तरह से साकार करने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है और उसकी बौद्धिक क्षमता का पूर्ण विकास करती है। मानव जीवन शिक्षा की एक यात्रा है। हम जीवन भर सीखते हैं।

STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) एक अंतरविषयात्मक दृष्टिकोण है जिसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के सिद्धांतों को एकीकृत तरीके से पढ़ाया जाता है। STEM शिक्षा विद्यार्थिओं को 21 वीं सदी के नौकरी के क्षेत्र में अत्यंत मूल्यवान कौशल जैसे कि आलोचनात्मक विश्लेषण, समस्या समाधान, रचनात्मकता और तार्किक सोच से लैस करती है। STEM पाठ्यक्रम के विद्यार्थी नवाचार को प्रेरित कर सकते हैं, महत्वपूर्ण मुद्दों को हल कर सकते हैं और तकनीकी क्षेत्र में वृद्धि को बढ़ावा दे सकते हैं। यह लोगों को कौशल प्रदान करता है जो उन्हें अधिक रोजगार योग्य और तकनीकी जनशक्ति की मांग को पूरा करने के लिए तैयार करता है। विज्ञान विद्यार्थिओं को हमारे चारों ओर की दुनिया की गहरी समझ देता है। कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थिओं को आवश्यक कौशल के साथ व्यावहारिक ज्ञान और अनुभव प्रदान करने की कोशिश करती है।

## तकनीकी पाठ्यक्रम

10वीं कक्षा और 10+2 कक्षा के बाद उपलब्ध विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी नीचे दी गई है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित पाठ्यक्रमों की वेबसाइट्स पर जाएं।

(A) अनुसूचित जाति (SC) के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना के तहत पूरी फीस माफ की जाती है और छात्रवृत्ति मिलती है। अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के छात्रों के लिए भी पोस्ट मैट्रिक योजना के तहत छात्रवृत्ति उपलब्ध है।
(B) हरियाणा सरकार के शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 20% सीटों का आरक्षण है।

भारत सरकार के संस्थानों में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 15% सीटों का आरक्षण है। ओबीसी छात्रों के लिए हरियाणा सरकार और केंद्रीय सरकार के संस्थानों में 27% सीटों का आरक्षण है। तकनीकी कौशल और तकनीकी शिक्षा वाले व्यक्तियों के लिए रोजगार की बहुत संभावनाएं हैं। छात्रों को इन पाठ्यक्रमों को चुनकर और पूरा करके अपने और समाज के भविष्य को बेहतर बनाना चाहिए।

### 10 वीं कक्षा के बाद उपलब्ध तकनीकी पाठ्यक्रम

1. ITI (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट)
   - संस्थान: हरियाणा में 166 सरकारी और 242 निजी ITI हैं।
   - अवधि: 10वीं कक्षा पास करने वालों के लिए दो वर्ष और 12वीं पास करने वालों के लिए एक वर्ष।
   - ट्रेड्स: इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, प्लम्बर, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि।
   - प्रवेश की तिथि: हर वर्ष मई-जून।
   - वेबसाइट: www-itiharyana.gov.in

2. **Polytecnic Courses (पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रम) डिप्लोमा**
   - संस्थान: हरियाणा में 40 सरकारी और 147 निजी पॉलिटेक्निक कॉलेज।
   - अवधि: 10वीं पास के लिए 3 वर्ष और ITI पास के लिए 2 वर्ष।
   - कोर्स: सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर, सूचना प्रौद्योगिकी आदि।
   - वेबसाइट : www.techedhry.gov.in

### 10+2 कक्षा के बाद उपलब्ध तकनीकी पाठ्यक्रम

3. **B.Tech. (बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी)**
   - अवधि: 4 वर्ष (12वीं कक्षा पास PCM) और (पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारक) के लिए 3 वर्ष।
   - संस्थान:
     1. IIT (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान)-देश में 23 आईआईटी हैं।
     2. NIT (नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी)-देश में 31 एनआईटी हैं।
     3. सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज। 4. निजी इंजीनियरिंग कॉलेज।
   - प्रवेश: JEE (जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम) (MAIN) NIT के लिए (इंजीनियरिंग कॉलेज सरकारी व निजी)
   - JEE ADVANCE & (IIT) आईआईटी के लिए
   - वेबसाइट: jeemain.nta.ac.in / jeeadv.ac.in

4. **B.Arch. (बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर)**
   - योग्यता: 10+2 पास (भौतिकी, रसायन और गणित)
   - अवधि: 5 वर्ष
   - संस्थान:
     1. स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, नई दिल्ली
     2. दीन बंदु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मुरथल
     3. राज्य इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, रोहतक
     4. चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर, चंडीगढ़
     5. निजि आर्किटेक्चर कॉलेज
   - प्रवेश परीक्षा: NATA (नेशनल एपटिट्यूड टेस्ट इन आर्किटेक्चर)
   - वेबसाइट: www.nata.in

5. **MBBS (बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड वैचलर ऑफ सर्जरी)**
   - योग्यता: 10+2 पास (भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान)
   - अवधि: 5 वर्ष और 6 महीने
   - प्रवेश परीक्षा: NEET-UG (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट-अंडर ग्रेजुएट)
   - वेबसाइट: neet.nta.nic.in
   - संस्थान:
     1. PGI मेडिकल साइंस, रोहतक
     2. BPS सरकारी मेडिकल कॉलेज फॉर वूमेन, सोनीपत
     3. शहीद हसन खान मेडिकल कॉलेज, नल्हर, जिला नूंह
     4. अटल बिहारी वाजपेयी सरकारी मेडिकल कॉलेज, छांयसा, फरीदाबाद
     5. कल्पना चावला सरकारी मेडिकल कॉलेज, करनाल
     6. ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज, फरीदाबाद
     7. देश में 20 AIIMS (ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस) MBBS के पाठ्यक्रम
     8. निजी मेडिकल कॉलेज भी एमबीबीएस पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

6. **BDS (बैचलर ऑफ डेंटल साइंस)**
   - योग्यता: 10+2 पास (भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान)
   - अवधि: 5 वर्ष
   - प्रवेश परीक्षा: NEET-UG
   - वेबसाइट: neet.nta.nic.in
   - संस्थान: सरकारी और निजी डेंटल कॉलेज

7. **BAMS (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी)**
   - योग्यता: 10+2 पास (भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान)
   - अवधि: 4 वर्ष एक वर्ष की इंटर्नशिप
   - प्रवेश परीक्षा: NEET-UG
   - वेबसाइट: neet.nta.nic.in
   - हरियाणा में प्रमुख कॉलेज:
     1. मारू सिंह मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, खानपुर कलां, सोनीपत
     2. श्री कृष्ण आयुष यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र

8. **B.Pharma (बैचलर ऑफ फार्मेसी)**
   - योग्यता: 10+2 पास (भौतिकी, रसापन और जीवविज्ञान)
   - अवधि: 4 वर्ष
   - प्रवेश परीक्षा: NEET-UG
   - वेबसाइट: neet.nta.nic.in
   - संस्थान:
     1. गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हिसार
     2. महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक
     3. पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़
     4. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (NIPERs)

भारत में केन्द्र सरकार के तहत सात ऐसे संस्थान हैं जो B.Pharma (बैचलर ऑफ फार्मेसी) पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। इन संस्थानों में प्रवेश के लिए निम्नलिखित परीक्षा आयोजित की जाती हैं।

- NIPERs (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) प्रवेश परीक्षा
- JEE (जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन)

9. **B.Sc. नर्सिंग (बैचलर ऑफ नर्सिंग)**
   - योग्यता: 10+2 पास (भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान)
   - अवधि: 4 वर्ष
   - प्रवेश परीक्षा: NEET-UG (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेजुएट)
   - संस्थान:
     1. सरकारी प्रशिक्षण स्कूल, सरकारी अस्पताल, अंबाला
     2. सरकारी प्रशिक्षण स्कूल, सरकारी अस्पताल, भिवानी
     3. सरकारी प्रशिक्षण स्कूल, सरकारी अस्पताल, फरीदाबाद
     4. सरकारी प्रशिक्षण स्कूल,सरकारी अस्पताल, गुडगांव
     5. सरकारी प्रशिक्षण स्कूल, सरकारी अस्पताल, रोहतक

6. सरकारी प्रशिक्षण स्कूल, सरकारी अस्पताल, मेवात
7. सरकारी प्रशिक्षण स्कूल, सरकारी अस्पताल, नारनौल
8. सरकारी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सफीदों, जींद
9. सरकारी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुटैल, करनाल
10. हरियाणा में लगभग 106 नर्सिंग कॉलेज हैं जो नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। इन कॉलेजों की सूची इंटरनेट पर उपलब्ध है।

- वेबसाइट: www.harayananursescouncil.in

**10. B.Sc. मेडिकल टेक्नोलॉजी**

- योग्यता: 10+2 पास (भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान)
- अवधि: 3 वर्ष
- संस्थान:
- PGI चंडीगढ़, वेबसाइट- https://pgimer.edu.in
- पंडित भगवत दयाल शर्मा PGI मेडिकल साइंसेस, रोहतक महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, रोहतक निजी कॉलेज भी B.Sc. मेडिकल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। निजी संस्थानों के अपने प्रवेश मानदंड होते हैं।

**11. B.V.Sc. (वैचलर ऑफ वेटरिनरी साइंस)**

- योग्यता: 10+2 पास (भौतिकी, रसायन और जीवविज्ञान)
- अवधि: 5 वर्ष
- प्रवेश परीक्षा: NEET-UG
- संस्थान:
- लाला लाजपत राय विश्वविद्यालय ऑफ वेटरिनरी और एनिमल साइंसेस, हिसार

**12. B.Design (बैचलर ऑफ डिजाइन)**

- योग्यता: 10+2 (मान्यता प्राप्त बोर्ड से)
- अवधि: 4 वर्ष
- प्रवेश परीक्षा: NID डिजाइन एप्टीट्यूड टेस्ट (NID-DAT)
- वेबसाइट: https://admission.nid.edu
- संस्थान: अहमदाबाद, बैंगलोर, गांधी नगर, अमरावती, भोपाल, जोरहाट और कुरुक्षेत्र में सात राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान हैं।

**13. B.F. Tech (बैचलर ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी)**

- योग्यता: 10+2 (भौतिकी, रसायन, गणित)
- अवधि: 4 वर्ष
- प्रवेश परीक्षा: NIFT प्रवेश परीक्षा
- वेबसाइट: http://www.nift.ac.in
- संस्थान: भारत में 18 राष्ट्रीय फैशन टेक्नोलॉजी संस्थान हैं, इनमें से एक पंचकुला हरियाणा में है।

**14. C.A . (Chartered Accountant-चार्टर्ड अकाउंटेंट)**

- योग्यता: 10+2 में 50% अंक (आर्ट्स, साईस, और कॉमर्स)
- अवधि: 5 वर्ष
- संस्थान: भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान
- वेबसाइट: http://www.icai.org
- प्रवेश परीक्षा: कॉमन प्रोफिशिएंसी टेस्ट (CPT)
- C.A. की तीन स्तर होते हैं: फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल।

**15. B.A. L.L.B. (बैचलर ऑफ आर्टस, बैचलर ऑफ लीगल लॉ)**

- योग्यता: 10+2 (आर्ट्स, साईस, और कॉमर्स)
- अवधि: 5 वर्ष
- प्रवेश परीक्षा: CLAT (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट)
- वेबसाइट: http://consortiamofnlus.ac.in
- 25 राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालय हैं जो CLAT के माध्यम से छात्रों को प्रवेश देते हैं। अन्य कॉलेजों के अपने प्रवेश परीक्षण हो सकते हैं।

**16. L.L.B. (बैचलर ऑफ लीगल लॉज)**

- योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक
- अवधि: 3 वर्ष
- संस्थान: कॉलेजों विश्वविद्यालयों द्वारा अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।

**17. दूरस्थ शिक्षा (Distance Education)**

- पाठ्यक्रम: BA, B.Com, B.Sc.
- संस्थान: इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU), नई दिल्ली
- वेबसाइट: http://www.ignou.ac.in

आओ! हम शिक्षा के रास्ते पर चल कर बाबा साहब अंबेडकर व तथागत बुद्ध के सपने को साकार करें। अपने अधिकार और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर देश के अच्छे और कुशल नागरिक बनकर देश के संसाधनों व कार्यो में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। हमारे बच्चों को चाहिए कि वे तकनीकी विषयों गणित, विज्ञान, कंप्यूटर व अंग्रेजी पर विशेष ध्यान दे और इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून, पत्रकारिता और सिविल सेवा जैसे व्यवसायों को चुनें। हम सतर्क रहें कि हमारे आस पास कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।तभी हम एक सशक्त भारत और एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते है।

**नमो बुद्धाय**
**भवतु सब्ब मंगलम**

**अत्त दीपो भव**

**SOCIAL ACTION GROUPS FOR AMBEDKARITE REFORM (SAGAR)**

Office : 106, Sector-21B, Faridabad, Haryana

**Printed By :** Mansi Digital Graphic, Ballabgarh, Faridabad, Haryana

EDUCATE ORGANISE AGITATE








# कैरियर काउंसलिंग